# INDIAN SCHOOL AL MAABELA

**(ISO 9001:2015 CERTIFIED INSTITUTION)**

**HALF YEARLY EXAMINATION- 2019-2020**

**HINDI-II- SAMPLE**

*ISAM/FR/MDL/QP/02*

CLASS: VI — Max. Marks: 80

/ /19 — Time: 3 Hours

*सामान्य निर्देश :*

(i) इस प्रश्न-पत्र में चार खंड हैं- क, ख, ग और घ ।

(ii) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर अनिवार्य हैं ।

## खंड-क

**I. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए : [10]**

श्रवण कुमार एक आज्ञाकारी पुत्र था । उसके माता-पिता अंधे थे । एक बार उसके माता-पिता ने तीर्थ यात्रा करने की इच्छा की । श्रवण कुमार ने माता-पिता को एक काँवर में बैठाकर कंधे पर रखकर तीर्थ यात्रा कराई ।

यात्रा से लौटते समय एक जगह श्रवण के माता-पिता को प्यास लगी । जल का पात्र लेकर श्रवण नदी पर गया । जब वह पात्र में जल भर रहा था, तो उसमें आवाज़ हुई । उस आवाज़ को पशु द्वारा पानी पीता समझकर राजा दशरथ ने तीर चला दिया । वे आवाज़ पर बिना देखे तीर चलाने में कुशल थे । तीर जाकर श्रवण की छाती में लगा और उसकी मृत्यु हो गई । सब कुछ जानकर राजा बहुत दुखी हुए । जब श्रवण के माता-पिता को राजा ने उसकी मृत्यु का समाचार दिया तो वे बहुत दुखी हुए । उन्होंने राजा को पुत्र वियोग में मरने का श्राप दिया । श्राप देकर दोनों ने अपने प्राण त्याग दिए ।

1. श्रवण के माता-पिता कैसे थे ?
2. श्रवण के माता-पिता ने क्या इच्छा की ?
3. राजा दशरथ किस कार्य में कुशल थे ?
4. श्रवण की मृत्यु किस प्रकार हुई ?
5. श्रवण के माता-पिता को उसकी मृत्यु का समाचार किसने दिया ?

## खंड-ख

**II. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए : [4]**

1. दोस्त  2. वायु  3. दूध  4. अग्नि

**III. निम्नलिखित शब्दों के दो-दो अनेकार्थी शब्द लिखिए : [4]**

1. कनक  2. काल  3. पय  4. हरि

**IV. निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलकर लिखिए : [4]**

1. अध्यापक  2. विद्वान  3. हाथी  4. पुजारी

**V. निम्नलिखित शब्दों के वचन बदलकर लिखिए : [4]**

1. मज़दूर  2. गौ  3. दवाई  4. चिड़िया

**VI. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त कारक शब्दों को पहचानकर भेद सहित लिखिए : [4]**

1. राम रोटी खाता है ।  2. भूखे के लिए भोजन लाओ ।

3. लड़का छत से गिरा ।  4. महल में दीपक जल रहा है ।

**VII. निम्नलिखित मुहावरों के अर्थ बताकर उनका वाक्यों में प्रयोग कीजिए : [4]**

1. अक्ल के घोड़े दौड़ाना  2. अपना रास्ता नापना

3. आग-बबूला होना  4. नाक में दम करना

**VIII. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त संज्ञा शब्दों को पहचानकर भेद सहित लिखिए : [3]**

1. सज्जनता एक महान गुण है।  2. उसकी ईमानदारी से सभी खुश हुए।

3. गंगा एक पवित्र नदी है ।

**IX. निम्नलिखित वाक्यों में प्रयुक्त सर्वनाम शब्दों को पहचानकर भेद सहित लिखिए : [3]**

1. वह हिंदी की पुस्तक है।  2.जिसने मेहनत किया,वह सफल हुआ।

3. मैं स्वयं चला जाऊँगा ।

## खंड-ग

**X. सही विकल्प चुनकर लिखिए :** **[4]**

1. चपरासी टोकरों में क्या लाते हैं ?

अ. मिट्‌टी　　आ. सत्तू　　इ. अनाज　　ई. रोटियाँ

2. भुनगी किसकी ज़मीन पर रहती थी ?

अ. गाँववालों की　　आ. स्वयं की　　इ. ज़मींदार की　　ई. मज़दूरों की

3. कवितानुसार साँप का विष किस वृक्ष को प्रभावित नहीं करता है ?

अ. नीम　　आ. चंदन　　इ. आम　　ई. बाँस

4. केरल सरकार ने श्रीधरन के निवास पर क्या बनाया ?

अ. घर　　आ. मूर्ति　　इ. दफ़्तर　　ई. तालाब

**XI. रिक्त स्थानों की पूर्ति करके वाक्य पुनः लिखिए :** **[4]**

1. .................. भुनगी से बेगार करवाना अपना अधिकार समझते थे ।
2. रहिमन फिरि फिरि पोहिए, टूटे ................. ।
3. .................. वचन ते जात मिट, उत्तम जन अभिमान ।
4. .............. रेल ने पहली बार 'बनाओ,चलाओ और वापस करो' जैसी नई प्रशासनिक व्यवस्था लागू की ।

**XII. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक-एक वाक्य में लिखिए :** **[4]**

1. भुनगी अपना झोंपड़ा क्यों नहीं छोड़ना चाहती थी ?
2. रहीम को 'खानखाना' की पदवी किसने दी ?
3. दिल्लीवासी क्या सोचकर दुखी थे ?
4. श्रीधरन का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?

**XIII.निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दो से तीन वाक्यों में लिखिए : [18]**

1. भुनगी भाड़ को फिर से क्यों बनाना चाहती थी?
2. समाज के पिछड़े और गरीबों की मदद किस प्रकार की जा सकती है ?
3. मुक्ताहार का उदाहरण क्यों दिया गया है ?
4. कुसंग से कौन अप्रभावित रह सकता है ?
5. दिल्ली मेट्रो निर्माण में श्रीधरन की कार्यशैली क्या रही ?
6. श्रीधरन की कार्यशैली की विशेषता क्या है ?

## खंड-घ

**XIV. निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर पत्र लिखिए : [5]**

1. अपने जन्मदिन के अवसर पर मित्र को बुलाने के लिए पत्र ।
2. व्यायाम का महत्त्व बताते हुए छोटे भाई को पत्र ।

**XV.निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर अनुच्छेद लिखिए : [5]**

1. सच्चा मित्र
2. मेरा विद्यालय

*****